# परामर्श योजना

## चर्चा में क्यों?

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission-UGC) की '**परामर्श**' योजना का शुभारंभ किया है।

## प्रमुख बिंदु:

- इस योजना का प्रमुख उद्देश्य उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु**राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (National Accreditation and Assessment Council-NAAC)** द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों को परामर्श देना है।
- UGC की यह योजना लगभग 1000 उच्च शिक्षण संस्थाओं को लक्षित करती है।

## संभावित लाभ:

- इस योजना से शिक्षण संस्थाओं की समग्र गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा उनके अनुसंधान, शिक्षण और सीखने की तरीकों में भी सुधार आएगा।
- यह NAAC मान्यता प्राप्त करने में भी संस्थाओं की मदद करेगा।
- यह संस्थानों में अनुसंधान सहयोग को बढ़ाने के लिये ज्ञान और सूचनाओं को साझा करने की सुविधा भी प्रदान करेगा।
- यह उन 3.6 करोड़ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में भी मदद करेगा जो वर्तमान में भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में पंजीकृत हैं।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

## (National Accreditation and Assessment Council)

- इसकी स्थापना वर्ष 1994 में UGC की एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गई थी।
- वर्तमान में इसका मुख्यालय बंगलूरु में स्थित है।
- NAAC का प्रमुख उद्देश्य गुणवत्ता आश्वासन को HEI के कामकाज का अभिन्न अंग बनाना है।
- यह उच्च शिक्षा या इसके बाद के संस्थानों अथवा विशिष्ट शैक्षणिक कार्यक्रमों या परियोजनाओं के आवधिक मूल्यांकन और मान्यता की व्यवस्था करती है।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

## (University Grants Commission)

- 28 दिसंबर, 1953 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने औपचारिक तौर पर **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** की नींव रखी थी।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विश्वविद्यालय शिक्षा के मापदंडों के समन्वय, निर्धारण और अनुरक्षण हेतु 1956 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संगठन है।
- पात्र विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अनुदान प्रदान करने के अतिरिक्त आयोग केंद्र और राज्य सरकारों को उच्चतर शिक्षा के विकास हेतु आवश्यक उपायों पर सुझाव भी देता है।
- इसका मुख्यालय देश की राजधानी नई दिल्ली में अवस्थित है। इसके छः क्षेत्रीय कार्यालय पुणे, भोपाल, कोलकाता, हैदराबाद, गुवाहाटी एवं बंगलूरु में हैं।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/paramarsh-yojana